IJMRSETM

e-ISSN: 2395 - 7639




# INTERNATIONAL JOURNAL OF MULTIDISCIPLINARY RESEARCH

## IN SCIENCE, ENGINEERING, TECHNOLOGY AND MANAGEMENT

Volume 9, Issue 9, September 2022

INTERNATIONAL STANDARD SERIAL NUMBER INDIA

Impact Factor: 7.580

+91 99405 72462 +9163819 07438 ijmrsetm@gmail.com www.ijmrsetm.com

International Journal of Multidisciplinary Research in Science, Engineering, Technology & Management (IJMRSETM)

| ISSN: 2395-7639| www.ijmrsetm.com| Impact Factor: 7.580 | A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Journal |

| Volume 9, Issue 9, September 2022 |

| DOI: 10.15680/IJMRSETM.2022.0909032 |

# आधुनिक उपन्यासों में टूटते हुए मानवीय संबंध

**Dr. Shriram Barkodia**

Associate Professor in Hindi, Government College, Jaipur, Rajasthan, India

**सार**

आधुनिक उपन्यास की चर्चा करते समय विषय को मुख्यतया अँग्रेज़ी उपन्यास तक ही सीमित रखना विश्व-साहित्य में उपन्यास के विकास को एकांगी रूप देना है और स्वयं अँग्रेज़ी उपन्यास को भी अधूरा देखना है क्योंकि, विशेषतया उत्तरकाल में वह दूसरी भाषाओं के साहित्यों और साहित्यिक आंदोलनों से अत्यधिक प्रभावित होता रहा है। फिर भी, जहाँ तक हिंदी उपन्यास का प्रश्न है उसकी गतिविधि बहुत-कुछ अँग्रेज़ी उपन्यास के समानांतर ही रही और दूसरी साहित्यों का, यथा रूसी और फ्रांसीसी साहित्यों का प्रभाव उसने अँग्रेज़ी के माध्यम से ही ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त हिंदी-पाठक अँग्रेज़ी साहित्य से न्यूनाधिक मात्रा में परिचालित होता ही है और इतर साहित्य का ज्ञान न इतना विस्तृत होता है, न इतना व्यवस्थित। इसलिए उपन्यास-संबंधी साधारण स्थापनाओं के उदाहरण देने के लिए अँग्रेज़ी साहित्य को सामने रखना कदाचित् अधिक उपयोगी होगा। वास्तव में डिकेंस और थैकरे को ही आधुनिक उपन्यास के आदि-प्रवर्तक माना जा सकता है। लेकिन फिर भी आधुनिक उपन्यास उनके उपन्यासों से बिल्कुल भिन्न है, जैसा कि हम अभी देखेंगे। विक्टोरियन उपन्यास के विकास का दूसरा चरण ऐंटर्नी ट्रालॅप, जॉर्ज इलियट और मेरेडिथ में लक्षित होता है। ट्रॉलॅप को थैकरे का अनुयायी माना जा सकता है यद्यपि वह स्वयं एक अच्छा उपन्यासकार था। तथापि यह भी कहा जा सकता है कि वह उपन्यासकार का उत्तम उदाहरण था क्योंकि वह शुद्ध उपन्यासकार था, ऐसा उपन्यासकार नहीं जो साथ-साथ कवि या आलोचक या समाज-शास्त्री या सुधारक भी हो। उसके लिए मुख्य बात कहानी कहना था। युवक और युवतियों के मनोरंजन के लिए साधारण जीवन का ऐसा चित्र जिसमें हास्य का पुट, करुणा की मिठास हो, वह ट्रॉलॅप के उपन्यास की परिभाषा है। उसके उपन्यासों में चरित्र के मनोविश्लेषण का अनुपात कुछ अधिक था। लेकिन फिर भी उसकी मूल प्रवृत्ति समाज-चित्रण की ही थी। स्वभाव से वह परंपरावादी था और धार्मिक तथा नैतिक रूढ़ियों की ओर उसकी प्रवृत्ति सहज स्वीकार की ही थी। जॉर्ज इलियट, मेरेडिथ और हेनरी जेम्स मुख्यतया चरित्र का विश्लेषण करते थे। जॉर्ज इलियट, अपने समकालीनों की अपेक्षा अधिक बौद्धिक थी। नैतिक मान्यताओं के प्रति विद्रोह तो उसमें नहीं था तथापि परंपरागत धर्म-विश्वास पर उसे संदेह था। वह ईसाई नीति-शास्त्रों को मानती और उसकी रक्षा करना चाहती थी लेकिन साथ ही उसे आधिदैविक या अति-प्राकृतिक आधारों से अलग भी करना चाहती थी। मेरेडिथ में दार्शनिक जिज्ञासा का भाव और उभर कर आया। वह जॉर्ज इलियट की अपेक्षा कहीं अधिक मौलिक विचारक था, जीवन के तथा धर्म के गंभीरतम प्रश्नों के प्रति सजग और उचितानुचित, पाप-पुण्य आदि की समस्याओं में उलझा हुआ। जिन प्रश्नों को थैकरे ने अपने समाजालोचना में कभी छुआ भी न था उन्हें मेरेडिथ मुख्य रूप से सामने लाता था। मेरेडिथ ने ही पहले-पहल समकालीन तथा विक्टोरियन उपन्यास की अपर्याप्तता घोषित की और जीवन-दर्शन की आवश्यकता पर जोर दिया। "यह भविष्यवाणी की जा सकती है कि यदि हम शीघ्र ही उपन्यास में जीवन-दर्शन का समावेश नहीं करते, तो वह कला अपने बहुसंख्यक उपासकों के रहते हुए भी नष्ट हो जाएगी।

तीसरा चरण विक्टोरियन समाज के विघटन का समय है और इस चरण के उपन्यासों में जिज्ञासाएँ तीव्र हो उठती हैं। दूसरी ओर इस काल के लेखक में भाषा की अलंकृति भी बहुत देखी जाती है। इस चरण के मुख्य और महान उपन्यासकार थॉमस हार्डी हैं। मेरेडिथ ने जिन समस्याओं को सूचित ही करके छोड़ दिया था। हार्डी उनकी गंभीरता से आतंकित हो उठता है। वह समस्याओं को ही गंभीर और विचारपूर्ण ढंग से उपस्थित नहीं करता बल्कि उनके सुलझाने या उत्तर की ओर भी संकेत करता है। 'टेस' में पतिता नारी के जीवनाधिकार का प्रश्न उठाया गया है। 'जूड द ऑब्सक्योर' में समाज के अंदर व्यक्ति की समस्याओं को उठाया गया है। लेकिन हार्डी की आलोचना को सामाजिक नहीं कहा जा सकता, वह जागतिक (कॉस्मिक) ही है क्योंकि उनका आक्रोश समकालीन समाज-व्यवस्था की रूढ़ियों के प्रति नहीं, समूचे जीवन-विधान के प्रति है। उसके अनुसार एक ओर मानव प्राणी है जो अपनी इच्छाओं, आकांक्षाओं और आयोजनों को समझता है; दूसरी ओर जड़ प्रकृति है जिसमें न चेतनता है, न विवेक। इस प्रकार

| ISSN: 2395-7639| www.ijmrsetm.com| Impact Factor: 7.580 | A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Journal |

| Volume 9, Issue 9, September 2022 |

| DOI: 10.15680/IJMRSETM.2022.0909032 |

मानवीय प्रवृत्तियाँ तो बोधगम्य है लेकिन घटनाक्रम तर्कातीत और विसंगत है। जड़ जगत का संगठन विवेकपूर्ण नहीं है। मानव और प्रकृति का यह विरोध, मानवीय उद्योग और विधि के विधान का यह वैषम्य या असंगति ही मानव की ट्रेज़ेडी का मूल है।

हार्डी का साहित्य लोक-परंपरा और लोक-विश्वासों पर निर्भर करता हुआ चलता है। लोक-गाथा, लोक-कला, लोक-विश्वास और लोक-धर्म उसके साहित्य में इतना महत्त्व रखते हैं कि उपन्यास को विशिष्ट प्रदेश और उस प्रदेश की लोक-परंपरा से पृथक करके पूरी तरह नहीं समझा जा सकता।

हार्डी को 'अंतिम विक्टोरियन' कहा जाता है। लेकिन उसे इतनी बड़ी सार्थकता के साथ 'अंतिम एलिज़ाबीथन' भी कहा जा सकता है। क्योंकि हार्डी शेक्सपियर के साहितय में डूबा हुआ है और शेक्सपियर का या एलिज़ाबेथ कालीन नाटककारों का प्रभाव उसके साहित्य में स्पष्ट लक्षित होता है। उदाहरणतया हार्डी के देहाती पात्र शेक्सपियर के पात्रों से बहुत-कुछ मिलते हैं, वही पार्थिवता और यही काव्यमयता उनमें होती है। इसी प्रकार दैव संयोग (कोइंसिडेंस) और हास्य का वैसा ही उपयोग हार्डी में है जैसा कि एलिज़ाबेथ कालीन नाटक में। वैचित्र्य और वैषम्य का एलिज़ाबेथ कालीन आकर्षण हार्डी को भी आकृष्ट करता है। 'रिटर्न ऑफ़ द नेटिव' के अंशो की तुलना वेब्स्टर के 'द व्हाइट डेविल' से और 'मेयर ऑफ़ कास्टरब्रिज' की तुलना शेक्सपियर के 'किंग लियर' से की जा सकती है।

हार्डी का समकालीन एक उपन्यासकार अँग्रेज़ी उपन्यास की परंपरा में विशेष स्थान रखते हुए भी प्रायः उपेक्षित होता रहा है; वह है जॉर्ज गिसिंग। इसका कारण कुछ तो हाडी का नैकट्य हो सकता है, कुछ यह कि गिसिंग की सत्यवादिता में एक रूखापन और कटुता है। वास्तव में गिसिंग 'मोह-भंग' का पहला उपन्यासकार है। शैली और विधान की दृष्टि से यद्यपि वह परंपरानुगामी है, तथापि वस्तु की दृष्टि से वह भविष्योन्मुखी है; रुमानी प्रभावों से मुक्त, स्पष्टवादी, धार्मिक और राजनीतिक मान्यताओं के विषय में संदेहवादी। गिसिंग ने इसका तीव्र अनुभव किया कि उपन्यास को अपना विस्तार नए वर्गों और नई गहराईयों में ले जाना चाहिए। 'अनक्लास्ड' (वर्गच्युत) नामक उपन्यास में वह कहता है, "रोजमर्रा जीवन का उपन्यास अब घिस गया है। अब हमें और गहरे खोदना होगा और अछूते सामाजिक स्तर तक पहुँचना होगा। इसका अनुभव डिकेंस ने किया था लेकिन उसमें अपने विषय का सामना करने का साहस नहीं था।

गिसिंग के इस मोह-भंग में नए अथवा आधुनिक उपन्यास का बीज निहित है। विक्टोरिया के युग के बाद एडवर्ड का काल केवल एक अंतराल है; विक्टोरियन से परिवर्तन वास्तव में प्रथम विश्व युद्ध में ही आया, जिसने सहसा भारी उथल-पुथल कर दी और नए उपन्यास को जन्म दिया। आधुनिक उपन्यास वास्तव में युद्धोत्तकाल का उपन्यास है। यह दूसरी बात है कि उसके बीज, जैसा ऊपर बताया गया है पूर्ववर्ती कुछ उपन्यासों में ही निहित थे और आधुनिक उपन्यास की परंपरा का विवेचन बिना विक्टोरियन युग में इन प्रवृत्तियों के मूल-स्रोतों को पहचाने हो ही नहीं सकता।

विक्टोरियन उपन्यास मध्यवर्ग का, मध्यवर्ग की भावना का, बुर्जुआ संस्कृति का उपन्यास था। उसका विकास इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति के समांतर चला, किंतु विश्व-युद्ध ने बुर्जुआ जगत को जड़ से हिला दिया। उसकी संस्कृति लड़खड़ा कर टूट गई। उसके प्रतिमान सहसा संदिग्ध हो उठे :

सभी मानवीय संबंध परिवर्तित हो गए हैं स्वामी और भृत्य के, पति और पत्नी के, माता-पिता और संतति के। और जब मानव-संबंधों में परिवर्तन आता है तब धर्म, आचार, राजनीतिक और साहित्य में भी साथ-साथ परिवर्तन होता है।" (वर्जिनिया वूल्फ़)

साहित्यकार की दृष्टि अब वर्गों के संघर्ष को स्पष्ट देखने लगी। इतना ही नहीं, उसने देखा कि वर्गों के जीवन के वृत्त के भीतर भी अनेक दरारें पड़ गई हैं, वर्ग-संघर्ष के भीतर जातियों या घरानों के एक अलग संघर्ष की लीकें पहचानी जा सकती है। महायुद्ध ने मध्यवर्ग के जीवन को तो हिलाया ही, घरानों के जीवन पर भी गहरा आघात किया। महायुद्ध की चपेट में एक समूची युवा पीढ़ी को खोकर ये मध्यवर्गीय घराने अपने भविष्य की अनिश्चितता से आतंकित हो उठे क्योंकि युवा पीढ़ी के मिट जाने से उनकी संपत्ति का उत्तराधिकार और कुल का स्थायित्व ज़ोखिम में पड़ गया। संपत्ति-मात्र खतरे में है, यह दुश्चिंता मध्यवर्गीय जीवन को घुन-सी खाने लगी।

गाल्सवर्दी और किपलिंग इस संकट के उपन्यासकार हैं। गाल्सवर्दी के 'फ़्रोइट सागा' की उपन्यास-परंपरा घरानों के जीवन के विस्फोट का ही चित्र है। मैंने 'ऑफ़ प्रॉपर्टी' का नाम ही अभिप्राय-भरा है और 'प्रॉपर्टी' की रक्षा की व्याकुलता गाल्सवर्दी के पात्रों का मुख्य मनोभाव है : वर्गीय या कुलगत मर्यादाओं की रक्षा का आग्रह संपत्ति-संबंधी उस चिंता का ही प्रक्षेपण है।

वर्जिनिया वूल्फ़ और गाल्सवर्दी-किपलिंग में एक बड़ा अंतर है : ये दोनों उपन्यासकार बुर्जुआ उपन्यासकार हैं किंतु वर्जिनिया वूल्फ़ बूर्जुआ नहीं है, यद्यपि उसे बुर्जुआ-विरोधी भी नहीं कहा जा सकता। उसकी बौद्धिकता और सूक्ष्म अनुभूति उसे इससे ऊपर उठाते हैं। प्रतिमानों के बुर्जुआ होते हुए भी उसका दृष्टिकोण अधिक बौद्धिक और उसकी संवेदना का वृत्त अधिक विस्तृत है।

इसके अनंतर जो महत्त्वपूर्ण नाम सामने आता है और इस नाम के साथ अँग्रेज़ी उपन्यास संक्रांति-काल पार करके 'आधुनिक' युग में आ जाता है, वह डी. एच. लॉरेंस का है। लॉरेंस स्पष्टतया बुर्जुआ -विरोधी था। अपने युग की वह एक अद्‌भुत अनमिल उपज था।

| ISSN: 2395-7639| www.ijmrsetm.com| Impact Factor: 7.580 | A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Journal |

| Volume 9, Issue 9, September 2022 |

| DOI: 10.15680/IJMRSETM.2022.0909032 |

उसका दृष्टिकोण रुमानी था, परंतु बुर्जुआ -विरोधी क्योंकि उसमें एक नास्तिक अभिजात्य था। उनकी चरमवादी प्रवृत्ति इस बनी-बनाई घटिया दुनिया को सह नहीं सकती थी। उसका विद्रोह इस 'रेडी मेड' बुर्जुआ मानदंडों के प्रति उसका अस्वीकार एक अनीश्वरवादी या सर्वदेवतावादी (पैगन) की स्वच्छंदता की घोषणा थी। भौतिक जीवन के साथ चेतना का एक ऐसा नया संबंध स्थापित करने के लिए जो बूर्जुआ जीवन के ओछेपन से बंधा हुआ न हो, उसकी अभिजात मनोभावना संसार की सभी मानी हुई संस्कृतियों का तिरस्कार करके उनके घेरे से बाहर जाने को तैयार थी। ग्रीक, यहूदी, रोमी, मध्ययुगीन, पुनरुत्थान कालीन सभी संस्कृतियों को अपर्याप्त पाकर लॉरेंस नई खोज के लिए कहीं भी जाने को आतुर था।. भूली हुई प्राक्-सभ्यताओं की ओर भी "आई वॉन्ट टू टर्न माई बैक ऑन द होल ब्लास्टेज पास्ट" मैं समूचे अभागे अतीत की ओर पीठ फेर लेना चाहता हूँ, यह लॉरेंस की उक्ति थी; और यूरोप को छोड़कर वह मेक्सिको गया था तो संवेदना के किसी पुराने अर्द्ध-विस्मृत प्रकार की खोज में। मेक्सिको-विषयक अपने उपन्यास 'द प्लम्ड सर्पेंट' में वह लिखता है: "मैं मूलभूत भौतिक यथार्थताओं के प्रति संवेदना का पुनःसंस्कार करना चाहता हूँ।

विक्टोरियन काल की प्रवृत्तियाँ लॉरेंस के परवर्ती युग में भी लक्षित होती हैं, और लॉरेंस के पूर्वसूचक विक्टोरियन युग में थे; पर लॉरेंस से स्पष्ट युग परिवर्तन माना जा सकता है। इस ऐतिहासिक अवलोकन के बाद अब इसपर विचार किया जा सकता है कि आधुनिक उपन्यास की कौन-सी प्रवृत्तियाँ उसे विक्टोरियन उपन्यास से पृथक करती हैं।

1. जो है उसके प्रति, समवर्ती नैतिक, सामाजिक, राजनीतिक मूल्यों के प्रति, अस्वीकार और नए प्रतिमानों की प्रतिष्ठा की आकुलता, यही वह मौलिक भेद है जो विक्टोरियन और आधुनिक का काल-विभाजन करता है। नए प्रतिमानों और मूल्यों की यह खोज लॉरेंस और ट्रॉलॅप की तुलना करने से स्पष्ट उभरकर सामने आती है। लॉरेंस सर्वथा आधुनिक है, ट्रॉलॅप संपूर्णतया विक्टोरियन। दोनों का न केवल मुहावरा भिन्न है वरन् अनुभूति-क्षेत्र ही अलग-अलग है।

नए मूल्यों की खोज को लॉरेंस भावना के और काम-संबंधों के क्षेत्र में भी ले जाता है। उसके पात्र अभूतपूर्व हैं। उनमें हम उनकी चेतना से पृथक उनकी संवेदनाओं का प्रवाह और आदान-प्रदान देखते हैं। चेतन भावनाओं और अचेतन संवेदनाओं के स्तर अलग-अलग हैं, दोनों में तीव्रता और प्रवाह है। लॉरेंस के पात्रों का भाव-जीवन उतना ही गतिमय है जितना हेनरी जेम्स के पात्रों का बुद्धि-जीवन : "जानना रक्त से होता है, केवल मन से नहीं" डी. एच. लॉरेंस। दोनों में ऐंद्रिय संवेदनाओं का वर्णन करने और उन्हें पाठक तक पहुँचाने की असाधारण क्षमता थी और दोनों ने उपन्यास की पहुँच और गहराई को बढ़ाया।

जेम्स जॉयस अंशतः ही आधुनिक है। भाषा और मनोविज्ञान के क्षेत्र में उसके प्रतिमान आधुनिक हैं, किंतु उसकी नैतिक और सामाजिक मान्यताएँ कैथलिक हैं। इसी प्रकार एल्डस हक्सले और वर्जिनिया वूल्फ़ भी संपूर्णतया आधुनिक नहीं हैं क्योंकि वे केवल कुछ ही क्षेत्रों में नए प्रतिमान खोजते या चाहते हैं, और ऐसे क्षेत्रों में पुराने प्रतिमानों को ही मानते चलते हैं। हक्सले ने प्रायः ऐसे समाज या काल का चित्रण किया है जिसमें कोई प्रतिमान ही नहीं हैं; कोई ऐसे आधार ही नहीं हैं जिनपर कर्म या आचार की कसौटी हो सके। 'पाएंट काउंटरपाएंट' में लॉरेंस के पथ की ओर थोड़ा-सा झुकाव है, किंतु अनंतर हक्सले रहस्यवादी या आध्यात्मिक अन्वेषण की ओर झुक जाता है, जिसके प्रथम संकेत 'दोज़ बैरन लीव्स' में मिलते हैं और अधिक विकसित रूप 'आइलेस इन गाजा' में और 'टाइम मस्ट हैव ए स्टॉप' में। इस दृष्टि से हक्सले वास्तव में अर्ध-आधुनिक भी नहीं, छद्म आधुनिक ही है। नए मूल्यों की खोज ने जो अनेक दिशाएँ ग्रहण की, उनमें कुछ का संक्षेप में निरूपण कर देना अनुचित न होगा :

(क) धर्म और नीति के क्षेत्र में मानववाद, करुणा के आदर्श की पुनः प्रतिष्ठा।

(ख) सहज बोध बनाम बुद्धिमन के विरुद्ध 'रक्त' का सहारा।

(ग) समाज-संगठन के क्षेत्र में बूर्जुआ सामाजिक ढाँचे का तिरस्कार, घरानों और परिवारों के जीवन का विघटन।

(घ) काम-संबंधों के क्षेत्र में सेक्स की नई परिभाषा, जो उसे न निरा शरीर-संबंध मानती है, न केवल सामाजिक बंधन या व्रत, बल्कि एक 'गतिशील-सम्पृक्त भाव' (डाइनैमिक कम्यूनिकेशन) ।

2. आधुनिक विज्ञान के आविष्कारों ने जो नई समस्याएँ खड़ी कर दी हैं उनके कारण जो अवस्था उत्पन्न हुई है, वह आधुनिक उपन्यास की दूसरी विशेषता है।

वैज्ञानिक आविष्कारों ने मानव को नई दृष्टि दी है, पर उसके कारण हमारी मान्यताओं में और उनके आधारों में जो परिवर्तन आते हैं उन्हें हम पूर्णतया स्वीकार नहीं कर सके हैं, जीवन और आचार में आत्मसात करना तो दूर की बात है। ज्ञान और आचार की अवस्थाओं में यह विपर्यय अनेक समस्याएँ और संघर्ष उत्पन्न करता है जो आधुनिक जीवन का एक मूलभूत सत्य है और जिनका प्रभाव आधुनिक उपन्यासकार पर पड़ना अनिवार्य है। मार्क्सवाद इन समस्याओं का निराकरण नहीं करता। यह जीवन का एक वैज्ञानिक जड़वादी आधार उपस्थित करना चाहता है, पर यह आधार अपर्याप्त है और इसलिए असह्य हो उठता है। यह नहीं कहा जा सकता कि आधुनिक उपन्यासकार ने विज्ञान को जीवन का आधार मान लिया

| ISSN: 2395-7639| www.ijmrsetm.com| Impact Factor: 7.580 | A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Journal |

| Volume 9, Issue 9, September 2022 |

| DOI: 10.15680/IJMRSETM.2022.0909032 |

निःसंदेह कई नए उपन्यासकार दावा करते हैं कि हमारी संवेदनाएँ बिल्कुल बदल गई हैं और उनका आधार संपूर्णतया वैज्ञानिक है, पर वास्तव में यह दावा निराधार है। यह तो ठीक है कि वे डी. एच. लॉरेंस से भिन्न है, पर कालाकार के रूप में वे कुंठित है और अपनी मान्यताओं के ढाँचे के अंदर असंतोष और कुंठा का अनुभव भी करते रहते हैं। डी. एच. लॉरेंस का आमूल विद्रोह या नकारात्मक आग्रह उनका नहीं है, उसे वे भ्रांत मानते है; पर स्वयं शांति या स्थिरता पाने में वे असमर्थ हैं। काव्य में मायाकोवस्की, या उपन्यास में ऐरेनबुर्ग इसके अच्छे उदाहरण हैं। स्वयं अपनी मान्यता और अपने जीवन का अंतर्विरोध उन्हें बेचैन कर देता है, यह बेचैनी और उदभ्रांति उनकी रचना में अभिव्यक्त होती है। भिन्न-भिन्न कारणों से उत्पन्न यह उदभ्रांति क्या मार्क्सिस्ट लेखकों में और क्या अन्य लेखकों में, आधुनिक उपन्यास की विशेषता है।

आधुनिक उपन्यासकार वर्तमान परिस्थिति या परिवेश को अस्वीकार करता है किंतु नए स्तर पर किसी परिवेश का स्वीकार या उसके साथ समन्वय की स्थापना नहीं कर पाया। इससे जो शून्य उत्पन्न होता है, वह आधुनिक उपन्यास का एक विशेष लक्षण है। आधुनिक उपन्यास नया उपन्यास है, लेकिन उसका नयापन न तो विषय-वस्तु का नयापन है, न विधान का, न कथानक का, न रूपाकार का; वह मूलतः जीवन के प्रति दृष्टिकोण का नयापन है। यद्यपि वस्तु, शैली, विधान, कथा आदि का नयापन उसमें हो सकता है और होता भी है, तथापि उसकी आधुनिकता की कसौटी वह नहीं है, कसौटी उसका नया दृष्टिकोण ही है।

3. समय या काल के प्रश्न को लेकर आधुनिक उपन्यासकार की व्यस्तता कदाचित् उसके विज्ञान-संबंधी ऊहापोह का ही एक पहलू है।काव्य में टी.एस. इलियट और गद्य में वर्जिनिया वूल्फ़ बार-बार 'अतीत की वर्तमानता' की बात करते हैं; वर्जिनिया वूल्फ़ के लिए व्यक्ति का संपूर्ण जीवन ही 'अतीत की खोज' है। उसका एक चरित्र-नायक ऑर्लैंडो तीन सौ वर्ष तक जीता है; एलिज़ाबेथ के युग में वह बच्चा है, तीस वर्ष की आयु में वह पोप के युग में प्रवेश करता है और सन् 1929 में अभी वृद्धावस्था को प्राप्त नहीं हुआ है। किसी ने इसे 'आइन्स्टाइन के सिद्धांत का काव्य रूप' कहा है। एल्डस हक्सले भी काल के प्रश्न को लेकर व्यस्त है। इसके संकेत उसके प्रारंभिक उपन्यासों में भी मिलते हैं, और 'टाइम मस्ट हैव से स्टॉप' का शीर्षक (यद्यपि वह हैमलेट की उस उक्ति से लिया गया है) इस व्यस्तता को स्पष्ट प्रकट करता है। किंतु यह आधुनिक उपन्यास का एक अपेक्षया कम महत्त्वपूर्ण पहलू है। वास्तव में उसकी वास्तविक कसौटी उसका दृष्टिकोण ही है। यही उसे पूर्ववर्ती उपन्यास से पृथक करता है, और उसे समझने के लिए इसके ऐतिहासिक विकास और कारणों का समझना आवश्यक है। जैसा कि हम पहले कह आए, विक्टोरियन प्रवृत्तियाँ आधुनिक युग तक भी चली आती हैं, और आधुनिक प्रवृत्तियों के बीच पूर्ववर्ती युग में पाए जाते हैं; तथापि दोनों युगों का अंतर इतना स्पष्ट है कि उसके बारे में भूल हो नहीं सकती, और यह भी समझ में आ जाता है कि दृष्टिकोण के इस आमूल परिवर्तन के बाद फिर पीछे लौटना असंभव है, भले ही पाठकों को विक्टोरियन उपन्यास अधिक रोचक लगते रहें, जैसा कि वे निःसंदेह अनेकों को लगते हैं। यह परिवर्तन एक प्रौढ़ता का द्योतक है जिससे पीछे नहीं लौटा जा सकता। और किसी को क्यों लौटना चाहिए, इसका कारण कम-से-कम कोई आधुनिक तो नहीं सोच सकता।

## परिचय

मूल्य मानव के जीवन को पूर्ण विकास की ओर अग्रसर करते हैं। इसके लिए मानव को अपने जीवन के लिए उचित उद्देश्य निर्धारित करने की आवश्यकता है। मूल्य अत्यंत आधारभूत होते हैं। जिसे मानव अनुभव करता है कि यह जीवन में कितने आवश्यक होते हैं। मानव मूल्यवान है। मूल्य जैसे कि मानव का जीवित रहना, मानव संतुष्टि, मानव सुख-शांति और एक स्वस्थ मानव।[1]

"मूल्य" शब्द अँग्रेज़ी शब्द के पर्याय के रूप में ग्रहण किया गया है। प्रतिदिन के व्यवहार में 'मूल्य' शब्द का प्रयोग विभिन्न प्रकार से विभिन्न अर्थों में किया जाता है। विज्ञान के इस युग में मानव मूल्यों का विघटन हो रहा है; यांत्रिक सभ्यता ने मनुष्य की इस मूल्य दृष्टि को परिवर्तित कर दिया है अथवा परिस्थितियों के साथ जीवन-मूल्यों में परिवर्तन हो रहा है- समय, स्थान, स्थिति के अनुसार इसका अर्थ बदलता रहता है- पाल हान्ले फर्मे के अनुसार "किसी वस्तु की मानवीय आकांक्षाओं को पूरी करने वाली विश्वस्त योग्यता, किसी वस्तु का यह गुण जो व्यक्ति के समूह के लिए उसे रुचिकर बनाता है।"[1] वस्तु का महत्व एवं उपयोगिता पर बल दिया गया है। डॉ. देवराज ने कहा है कि "मनुष्य द्वारा जिन वस्तुओं की कामना की जाती है,[2] उसे ही मूल्यवान माना जाता है।"[2] मानव मूल्यों का केंद्र माना जाता है। इस आधार पर विवेचन करें तो समकालीन लेखकों ने अपने उपन्यासों में मानव-मूल्यों की स्पष्टता का महत्व स्वीकार किया है। सामाजिक, सांस्कृतिक,आर्थिक और धार्मिक तथा अन्य मूल्यों का विकास-क्रम परिवेश के अनुसार विकसित किया है।[3] उपन्यास 'क्योंकि' में लेखिका शशिप्रभा शास्त्री ने कहा है कि सामाजिक परंपराओं,रूढ़ियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए निरंतर परिवर्तन आ रहा है। बेरोजगारी के कारण युवा अपने पथ से हट अनेक विसंगतियों में फँसता जा रहा है- "थके टूटे अनपढ़ जाहिल गंदे मैले कुचैले ये बहशी युवक देश के भविष्य के कर्णधार, युवकों के नाम पर हड्डी या फसफस हुई देहें,जुआ-चोरी-जारी,लूटपाट जैसे खुरापाती लतों को पाले हुए,छुरे-पिस्तौल के

| ISSN: 2395-7639| www.ijmrsetm.com| Impact Factor: 7.580 | A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Journal |

| Volume 9, Issue 9, September 2022 |

| DOI: 10.15680/IJMRSETM.2022.0909032 |

बल पर शक्ति समेटे ये युवक अपना क्षोभ दिखाते हुए,जबरन दूसरों के अधिकारों पर कब्जा करने वाले इन युवकों की एक बड़ी भीड़ देश के हर भाग में फैली हुई है।[4] इनका वातावरण इनसे क्या नहीं करवाता होगा ? क्या होगा इस देश का?"[3] समाज की स्थिति-परिस्थिति के बदल जाने से व्यक्ति का अस्तित्व ही बदल गया है। रोज़गार न मिलने के कारण व्यक्ति अपना एव देश का हित भी नहीं समझ रहा है। मानव विकास की ओर अग्रसर न होकर पतन की ओर चला जा रहा है। समाज एवं परिस्थिति व्यक्ति से न जाने क्या-क्या करवा लेती है पता ही नहीं चलता।[5]

समाज जैसे-जैसे बदल रहा है व्यक्ति की सोच में भी परिवर्तन आता जा रहा है। पहले शादी घर-परिवार की रज़ामंदी से तय की जाती थी। आज मूल्यों में परिवर्तन होने से शादी बड़ों की मर्जी से ना करके अपनी पसंदाअनुसार करना चाहते है।[6] लेखिका शशिप्रभा शास्त्री ने इस संबंध पर व्यंग्य कसते हुए कहा है "आपके बच्चे लव मैरिज कर ले तो बात जुदा है,तब तो आपके वश की बात नहीं है, उस समय भी आप यह ज़रूर चाहेंगी,जहाँ तक मैं सोचती हूँ कि भले ही बच्चे कैसी शादी कर लें, पर अगर आपने उसे शादी के लिए अपनी सहमति दे दी है, उसे स्वीकार कर लिया है[7], तो आप चाहेंगे कि आपके बच्चे की शादी अपने ढंग से हो"।[4] सोच बदलने के कारण रीति-रिवाजों, परंपराओं में परिवर्तन दिखाई पड़ रहा है। बच्चों की सोच के अनुसार ही आप अपनी रज़ामंदी दे देते हैं, तो समाज में आपकी प्रतिष्ठा अनुसार विवाह संपन्न कर पायेगें। आज की युवा पीढ़ी अपनी सोच के अनुसार आगे बढ़ना चाहती है।[8] विवाह करने की समस्या का चित्रण है, तो कहीं समय पर विवाह न करने की त्रासदी को लेखिका शिवानी के अपने उपन्यास 'चौदेह फेरे' में उठाया गया है। आर्थिक समस्या से ग्रस्त युवा पीढ़ी अपनी ज़िम्मेदारियों का बोझ ढोते-ढोते निराश एवं हताश हो गई है। विवाह समय पर ना होने की पीड़ा को अभिव्यक्त करते हुए कहा है- "नई पीढ़ियाँ बहक कर रह गई थी[9],पर कर्नल की दृष्टि में दोषी नई पीढ़ी नहीं, पुरानी पीढ़ी थी। जैसे मनुष्य के पेट की क्षुधा समय पर भोजन न जुटने से निकृष्ट कार्य करने की वांछित कर देती हैं,ऐसे ही शरीर की क्षुधा को भी मनुष्य भला भुला नहीं सकता। सब समय पर ही कन्यादान की सप्तपदी से मुक्ति क्यों पा लेते?।"[5] लेखिका आज की पीढ़ी पर कटाक्ष करते हुए अपनी वेदना व्यक्त कर रही है। शादी भी समय पर हो जानी चाहिए। समस्या और स्थिति में व्यक्ति को कितना असहाय बना दिया है। स्वार्थ और ज़रूरतों के कारण व्यक्ति केवल अपना ही हित सोचता है।[11] शाल्मली जीवन में कुछ करना चाहती है। पति उसे न तो आगे बढ़ने देता है, बल्कि बात-बात पर अपमान भी करता है। शाल्मली इस पीड़ा से उभरना चाहती है। शाल्मली अपनी वेदना को व्यक्त करते हुए कहती है- "हर मनुष्य की बौद्धिक क्षमता की एक सीमा होती है और वही उसका मापदंड भी, जो ना किसी अन्य के प्रभाव को ग्रहण करती है, और न ही घटती-बढ़ती है। यह तो व्यक्ति की निपट निजी निधि है जहाँ अच्छी-बुरी संगति अवश्य ही व्यवहार प्रभावित करती है, सो नरेश से आशा करा कि उसका बौद्धिक विकास, अपनी शक्ति और परिधि को तोड़ते हुए बाहर निकल कर कुछ नया रच डालें, यह असंभव है, मगर उसके व्यवहार में बढ़ती उद्दंडता को वह अपने प्रयत्नों से अनुशासित तो कर सकती है।"[6] नायिका शाल्मली पति नरेश के व्यवहार से अत्यंत दुखी है। नरेश के साथ जीवन जीना अभिशाप हो गया है। शाल्मली नरेश के प्रति अपना रोष प्रकट कर रही है। यहाँ लेखिका नासिरा शर्मा ने वैयक्तिक मूल्यों के रूप को स्पष्ट किया है।[10]

वैवाहिक जीवन में संबंध जहाँ खुशहाली का प्रतीक माना जाता है वही आज कष्टकारी एवं दुखदायी बन रहा है। पति-पत्नी एक छत के नीचे रहते हुए एक-दूसरे की शक्ल भी नहीं देखना चाहते- कारण परिवार और समाज के बंधनों में बँधे हुए हैं। लेखिका कुसुम अंसल ने 'अपनी-अपनी यात्रा' में संबंधों में आए बिखराव की छटपटाहट को सुरेखा के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया है- "एक-दूसरे को न चाहकर भी एक छत के नीचे रहते थे[13] क्योंकि बंधन है परिवार का,समाज का और विवाह का। माँ-बाप जिसने उनका जी चाहता हैं अपनी लड़की या लड़के को बाँध देते हैं कि लो यह तुम्हारा जीवन साथी है। बस पकड़े रहो,सड़ते रहो कि अगर विद्रोह करोगे तो सब कहेंगे। चरित्रहीन है,बुरी है, निभाना नहीं आता।"[7] विवाह जैसे संबंधों में दबाब नहीं होना चाहिए। समाज एवं परिवार का डर जीवन को नष्ट कर देता है। व्यक्ति की विचारधारा न मिलने के कारण मजबूरी में साथ रहना किसी सज़ा से कम नहीं है। लेखिका ने समाज की परंपराओं का विरोध कर परिवर्तन करने की माँग की है। संबंधों को ख़ुशी से जीना चाहिए दबाव से नहीं।[12]

पुरानी जड़ परंपराओं का विरोध और नए मूल्य को स्थापित कर लेखिका मृदुला गर्ग ने अपने उपन्यास 'मैं और मैं' में स्पष्ट किया गया है- "तमाम रिश्ते, मूल्य, धारणाएँ ना झूठी हैं। लाशें जिन्हें कठपुतली वाले ने डोर से बाँध रखा है और इधर-उधर नाच रहा है।[14] उसके इशारों पर नाचने को ज़िंदगी का नाम दे भले ही दें, है वह मौत का हिस्सा।"[8] रिश्ते बन गए हैं। संबंधों में दरार आने से उत्पन्न कड़वाहट बढ़ती जा रही है। इसी बदलाव को लेखिका सिम्मी हर्षिता ने 'संबंधों के किनारे' में दृष्टिगत किया है। वैवाहिक स्त्री कैसे दोहरा जीवन जीती है। संबंधों में आए बदलाव को दिखाया गया है। विवाह के पहले और बाद के संबंधों में परिवर्तन के कारण विरोध की स्थिति को व्यक्त किया है- "विवाह अजीब पहेली है। उसमें कदम रखते ही आमतौर पर इंसान के लिए पहले के रिश्ते-नाते पिछला स्टेशन बन जाते हैं। रेलगाड़ी में बैठा इंसान पिछले स्टेशन के प्रति अगले स्टेशन के प्रति उत्सुक

| ISSN: 2395-7639| www.ijmrsetm.com| Impact Factor: 7.580 | A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Journal |

| Volume 9, Issue 9, September 2022 |

| DOI: 10.15680/IJMRSETM.2022.0909032 |

होता है।[15]........... नए सिरे से वह पुराने संबंधों की जांच-पड़ताल करता है,कुछ की छँटनी करता कुछ को स्वीकार करता है............ कुछ को अनावश्यक समझकर अस्वीकार करता है। कुछ से वह अपने दोषों और कमियों के कारण आँखें चुराता है। आधुनिकता से उसे कुछ पुराने संबंध और संबंधी पिछड़े हुए दक़ियानूसी लगते है, तो उनसे बचता है। लोग तो अपने माँ-बाप और भाई-बहन की छँटनी कर देते है।"[9] समयानुसार रिश्तों में परिवर्तन आ गया है। संबंधों का महत्व भी स्थिति-परिस्थितिनुसार बदलने लगा है। कोई भी रिश्ता सच्चा अच्छा नहीं लगता। स्त्री अपने द्वारा स्थापित संबंधों का ही मान-सम्मान करती है। स्त्री जीवन में संबंधों के अनुसार अपना जीवन जी सकती है।[16]

संबंधों का निरंतर टूटना व्यक्ति को तोड़ देता है। आधुनिक युग में संबंधों की परिभाषा ही बदल गई है। संबंधों में प्यार, समपर्ण की जगह छल-कपट ने ली है। समाज में रिश्तों की उठा-पटक से वैवाहिक संबंधों में अविश्वास कमी होने लगी है। पति-पत्नी का एक-दूसरे पर विश्वास ही नहीं है। संबंधों में रिक्तता बढ़ने से उनका अस्तित्व ही ख़त्म हो गया है। उपन्यास 'टूटता हुआ इंद्रधनुष' में रिश्तों में खट्टास उत्पन्न हो गयी है। पत्नी के अन्य पुरुष से संबंध की जानकारी पति प्रभात को है। प्रभात का पत्नी शोभना के प्रति प्यार समाप्त हो गया है। पत्नी शोभना व्यंग्य करते हुए कहा है- "जीवन में कोई भी महत्वपूर्ण नहीं है कि उसके न होने से संपूर्ण जीवन ही नष्ट हो जाये जो बीत गया उसका शव लेकर बैठे रहना समझदारी नहीं है।"[10] संबंधों में दरार आने से अच्छा है, उनका ख़त्म होना। रिश्तों को घसीटते रहना समझदारी नहीं है। मनुष्य का महत्त्व उसकी भावनाओं पर टिका हुआ है। भावना ख़ त्म तो रिश्तों को बहुत दूर तक ले जाया जा सकता।[17]

इक्कीसवीं शताब्दी में जहाँ नारी का स्वरूप का बदला और उसका पुनरूत्थान हुआ। संविधान में स्त्री को समानता का अधिकार और जीवन में आगे बढ़ने की नई-नई राहें दिखायीं। पुरुष-प्रधान समाज में उसने पुरुषों के विरुद्ध अपनी नई पहचान बनायी। लेखिका मंजुल भगत ने नारी के संघर्ष और द्वंद्व को उपन्यास 'अनारो' में दिखाया गया है। अपने स्वाभिमान के कारण अनेक समस्याओं से जूझती है। पति के सामने उसका रुतबा बना रहे। उसके लिए वह प्रयत्नशील रहती और कहती है- "कर्जा तो यों चुटकियों में उतर जायेगा, पर मान, उसकी कदर बनी रहे, उसके मरद की नजर में।"[11] अनारो अपनी बेटी की शादी में कर्ज़ा लेने के बाद भी उसे चुकाने की हिम्मत रखती। परिवार एवं समाज में अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत कर संघर्ष करती है। बेटी के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाती है, तो दूसरी तरफ़ रिश्तों में स्वार्थ आ जाने से उनके अर्थ ही बदल गए है। उपन्यास 'बियावान में उगते त्रिशंकु' में माँ-बेटी के रिश्ते में परिवर्तन को दिखाया गया है।[18] लेखिका ने पात्र टीना के मन में हो रही छटपटाहट को दिखाया है- "ममा अपने पालन-पोषण का बदला चाहती है क्या मुझसे? मुझे कौन-सा रहना है इस घर में। जब तक हूँ, तब तक हूँ। मैं तो अपने सुख को सबसे अधिक महत्व देती हूँ। मुझे त्याग-बलिदान का बिल्ला नहीं चाहिए। नफ़रत है मुझे इन शब्दों से। त्याग-बलिदान के नाम पर अपनी अम्मा को दुखी बनाना सबसे बड़ा पाप है, जो मैं नहीं करूँगी। किसी के लिए भी यह पाप नहीं करूँगी।"[12] माँ को अपने बच्चे के लिए किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन जब बच्चे बड़े हो जाते हैं, तो अपने रास्ते खुद ही चुन लेते हैं।[19] माता-पिता की कोई फ़िक्र ही नहीं होती। वातावरण में कितना परिवर्तन आ गया है। नवीन मूल्य, परंपराओं और मान्यताओं को अपनाते हुए सुनैना समययानुसार परिवर्तन भी करती है और पूर्ण रुप से अधिकार भी चाहती है- "मुझे माई नहीं बनना, कैदी नहीं बनना। माँ ने आकाश में एक पंछी दिखाया था, जो एक ही जगह तीव्रगति से उड़ने की प्रक्रिया में लीन था। वह पंछी देखो। पंछी असीम अंबर में एक जगह पंख फड़फड़ा रहा था। लग रहा था कि सारा आकाश उसी का है। पर तो क्या? खाली अर्थहीन आकाश किस काम का? अंत आकाश में बेमतलब घुमड़ती ताकत है बेकार होगी पर दूर-दूर तक फैली कमज़ोरी में ताकत का असर हो सकता है,मुझे क्या पता था।"[13] लेखिका गीताजंलि श्री ने उपन्यास 'माई' में नारी के अधिकारों की बात की गई है।[20] समाज में स्वतंत्र होकर जीना चाहती है।जीवन में किसी का भी बंधन उसे स्वीकार नहीं है। उपन्यास 'आँखमिचौली' में नायिका रेणु अपनी शर्तों एवं दृढ़ निश्चय के साथ जीवन में आगे पढ़ना चाहती है। जीवन यूँ तो संघर्ष से भरा हुआ है। अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए वह हमेशा प्रयासरत होना चाहती है। रेणु जीवन में कुछ करना एवं पाना चाहती है- "जिंदगी से जो माँगा वह उसे कभी मिला। जो मिला उसके लिए कोई निश्चित एक बड़े प्रश्नचिहन की तरह आती-जाती रही और रेनू एक यंत्रचालित मशीन बन गई।[21] पुर्जा-पुर्जा किन्हीं अदृश्य हाथों में संचालित होता है।"[14] सामाजिक एवं पारिवारिक दबाब ने रेणु को अपने लक्ष्य से भटकाव की स्थिति में ला खड़ा कर दिया। रेणु जीवन में समस्याओं से निरंतर टकराते हुए अपने उद्देश्य तक पहुँचने के लिए कारण एवं उपाय ढूँढ़ती- "वह अपनी जिंदगी को बदल देना चाहती थी, लेकिन किस दिशा में,किस सीमा तक...........यह समझ में कब आया, इतनी क्षमता भी उसमें कहाँ भी। बड़े-बड़े सिद्ध पुरुष त्रिकालदर्शी यही तो मात खा जाते हैं। उसे अब भी किसी ऐसे पुरुष की तलाश थी, जो पूरी दृढ़ता से यह कह सके कि जिंदगी की बागडोर पूरी तरह उसके हाथ में है, वह जब किधर चाहे उसे मोड़ दे सकता है।"[15] लेखिका ने रेणु की नवीन सोच एवं जीवन में आगे बढ़ने की लालसा को दिखाया है। एला परंपरागत रूढ़ियों और मूल्यों का विरोध कर अपने अस्तित्व को नई दिशा देते हुए कहती है- "मुझ पर उनका रत्ती भर भी प्रेम चाह नहीं है केवल

International Journal of Multidisciplinary Research in Science, Engineering, Technology & Management (IJMRSETM)

| ISSN: 2395-7639| www.ijmrsetm.com| Impact Factor: 7.580 | A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Journal |

| Volume 9, Issue 9, September 2022 |

| DOI: 10.15680/IJMRSETM.2022.0909032 |

शारीरिक आवश्यकता मिटाने के लिए वह शादी का स्वांग रच कर एक स्त्री की जिंदगी बर्बाद जिसने की वह मेरा प्रेम करे लूट सकता है।[22] मैं उनमें से नहीं जो स्त्रियाँ अपने को क्रीत दासी समझा करती हैं।"[16] एला पति के दबाव में नहीं रह सकती। उसे अपने जीवन को पति या परिवार तक ही सीमित नहीं रखना। पुरानी जड़ परंपराओं और किसी घसी-पिटी मान्यताओं में रहकर अपना जीवन व्यर्थ नहीं करना। लेखिका उषा देवी 'मित्रा' ने नारी के मन की व्यथा को अभिव्यक्त किया है।[23]

स्त्री अपनी सभी इच्छाओं का गला घोंट अपने परिवार का निर्वाह करती है। संबंधों में कोई टकराव एवं बिखराव उत्पन्न न हो। इसके लिए वह भरसक कोशिश करती है।समकालीन लेखिकाओं ने अपने उपन्यासों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में मूल्य किस तरह बदल रहे है। पहले स्त्री अपनी मर्ज़ी का कुछ नहीं कर सकती थी लेकिन अब वह समाज में परिवार में अपना सम्मान चाहती है। उपन्यास 'अकेला पलाश' में लेखिका ने स्त्री की नवीन विचारधारा को दिखाया है। पति के साथ वह अन्य पुरुष के साथ संबंध को ख़राब नहीं समझती। घर-परिवार में यदि इस बात की भनक लग जाए तो ना जाने कैसे-कैसे नामों से बुलाया जाता है। ज़िंदगी और घर दोनों ही मरण समान हो जाते हैं। नायिका अपने मन की बात अपने भाई से कहती है। भाई अपनी बहन को ज़िंदगी का फ़लसफ़ा समझाते हुए कहता है- "नहीं....... मैं तो यही कहूँगा कि दीदी ने देर से सही, पर सही कदम उठाया है। अब मेरी दीदी घुट-घुटकर नहीं मरेगी। अब उसने भी खुली हवा में साँस लेना सीख लिया है।"[17] स्त्री अब घुटकर नहीं जियेगी। अपनी इच्छा अनुसार अपना जीवन जियेगी। आधुनिक युग में नारी भी अपनी मर्यादा को छोड़कर वातावरण के अनुसार अनुसार ढल रही है। उपन्यास 'यहाँ विस्तृता बहती है' में लेखिका ने पात्र के माध्यम से आज की बदलती परिस्थितियों के बारे में कहा है- "अजी आप लोग खैर-खबर रखते भी हैं, कुछ एन्थोनी भाई? लड़कियों को शह दी है आपने, नहीं तो मजाल था कि वह मुँह उठाकर लड़कों को देख भी लेती? इधर तो पूरी मर्दमार बनती जा रही हैं लड़कियाँ।"[18] आज की नारी अपने पहनावे एवं बोलने में पूरी स्वतंत्रता चाहती है। रोक-टोक रोष उत्पन्न करता है। नारी अब किसी भी स्तर पर अपने आप को कमज़ोर नहीं समझती।[24]

आज मूल्यों में इतना परिवर्तन आ गया है। पुरुष के साथ-साथ स्त्री भी किसी संकट के सामने घुटने नहीं टेकती चाहे वह सही हो या ग़लत। लेखिका मनु भंडारी ने उपन्यास 'आपका बंटी' में स्त्री कि दृढ़ निश्चय को दिखाया है। वह अपने व्यक्तित्व के लिए किसी भी परंपरा, मान्यता और रूढ़ि का विरोध कर सकती है। हर समस्या के लिए उपस्थित है- "भीतर-ही-भीतर चलने वाली एक अजीब ही लड़ाई थी वह भी, जिनमें दम साधकर दोनों ने हर दिन प्रतीक्षा की थी कि कब सामने वाले की साँस उखड़ जाती है और वह घुटने टेक देता है, जिससे कि फिर बड़ी उदारता और क्षमता के साथ उसके सारे गुनाह माफ़ करके उसे स्वीकार कर लें, उसके सारे व्यक्तित्व को निरे शून्य में बदल कर।"[19] नारी के शिक्षित होने से वह किसी भी वह कठिन से कठिन समस्या का सामना कर लेती है।

समग्रत: कहा जा सकता है कि समकालीन लेखिकाओं ने अपने उपन्यासों में परंपरागत मूल्यों को अस्वीकार कर वर्तमान मूल्यों में हो रहे परिवर्तन को स्वीकार किया गया है। इन लेखिकाओं ने उपन्यासों में मूल्यों को स्थापित करने के लिए नवीन चिंतन और सामाजिक जीवन को आधार बनाया है। उपन्यासों में विघटित मूल्य, नारी शोषण और 'स्व' को स्थापित करने की कामना की स्थिति का अंकन किया है। पुरानी एवं नई पीढ़ी के विचारों के विरोधी स्थिति, मानसिक एवं शारीरिक विसंगतियों का चित्रण किया गया है। सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक मूल्यों पर कटाक्ष किया है साथ ही साथ एवं पारिवारिक मूल्यों के महत्व देते हुए मानव मूल्यों की स्थापना के लिए संघर्षरत है।[25]

## विचार-विमर्श

जब हम उत्तर आधुनिकता की चर्चा करते हैं तो हमारे समक्ष प्रश्न उठता हैं कि उत्तर आधुनिकता क्या है? उसे कैसे समझा जा सकता है? क्या वह एक सामाजिक स्थिति है या फिर एक विचारधारा? वर्ष1950 से लेकर अब तक दर्शन, राजनीती, भूगोल, प्रबंधन, विधि-अध्यापन आदि में उत्तर आधुनिक व्यवहार की चर्चाएं होती रही। उत्तर आधुनिकता का आरंभ पश्चिम में वास्तुकला के क्षेत्र में हुआ और धीरे-धीरे पूरे विश्व, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उसका विस्तार हुआ। उत्तर आधुनिकता बीसवीं शती के उत्तरार्द्ध में जन्मी एक ऐसी व्यापक अवधारणा है जिसकीकोई निश्चित परिभाषा संभव नहींविभिन्न लक्षणों के आधार पर ही इसे समझा जा सकता है- आधुनिकता का विस्तार उत्तर आधुनिकता एक भूमंडलीय ज्ञानावस्था व हमारी संस्कृति के बदल जाने का नाम है तथा उपयोग की संस्कृति को विकसित कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों के तैयार माल को बेचना इसका प्रमुख सिद्धान्त है। उत्तर आधुनिकता विभिन्न अर्थ संदर्भो में प्रयुक्त होने वाला शब्द है जिसमें वर्तमान का परिदृश्य व मनोदशा शामिल है।[15] पश्चिमी औपनिवेशिक गुलामी से मुक्ति के पश्चात् जन्मी उत्तर आधुनिकता एक ऐसी विश्वव्यापी प्रक्रिया है जिसने सभी चिन्तन परंपराओं, प्रतिमानों, अवधारणाओं, मूल्यों प्रविधियोंपर प्रश्नचिन्ह लगा उन पर नए सिरे से विचार करना प्रारंभ किया।उत्तर आधुनिकता की प्रवृति सरल नही उसे समीकरण या सूत्र के रूप में बांधना बहुत कठिन है क्योंकि इसके अपने पक्ष-विपक्ष, नियम, कानून है। जहाँ एक ओर इसने धुव्रीय दुनिया में शक्ति के रूप में विस्तार पाया वहीं दूसरी ओर वंचितो की लोकतान्त्रिक उपलब्धि तथा सत्ता संघर्ष के

| ISSN: 2395-7639| www.ijmrsetm.com| Impact Factor: 7.580 | A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Journal |

| Volume 9, Issue 9, September 2022 |

| DOI: 10.15680/IJMRSETM.2022.0909032 |

